# मानवीय व तकनीकी त्रुटियों का परिणाम हादसे

## सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जनहानि को रोकने गठित समिति की बैठक में पूर्व न्यायाधीश श्री सप्रे ने सागर में कहा

नवभारत न्यूज

**सागर 24 जुलाई. जिले में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जनहानि को की समीक्षा हेतु जिला कलेक्टर कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता उच्चतम न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने की.**



न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने स्पष्ट किया कि समिति का मुख्य ध्येय सड़क हादसों को नियंत्रित कर मौतों का आंकड़ा शून्य पर लाना है. उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं ईश्वर की मर्जी नहीं बल्कि मानवीय एवं तकनीकी त्रुटियों का परिणाम हैं, जिन्हें सही प्रबंधन से रोका जा सकता है. न्यायमूर्ति द्वारा समीक्षा में पाया गया कि जिले के चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थलों पर किए गए सुधारात्मक कार्यों के सकारात्मक परिणाम भी प्राप्त हुए हैं, जिससे अनेक क्षेत्रों में जनहानि एवं दुर्घटना दरों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है. न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने शेष चिन्हित स्थलों पर अवसंरचनात्मक सुधार कार्यों को निरंतर जारी रखने तथा उनके प्रभाव का नियमित मूल्यांकन करने के निर्देश दिए. चालानी कार्रवाई में वृद्धि के बावजूद आमजन द्वारा दोपहिया वाहनों पर हेलमेट एवं चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट के उपयोग की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई.

इस संबंध में निर्देशित किया गया कि केवल वैधानिक दंडात्मक कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग को दैनिक व्यवहार में समाविष्ट करने हेतु अंतर-विभागीय समन्वय के साथ विशिष्ट अभियान संचालित किए जाएं. सड़क निर्माण एवं रखरखाव से संबंधित सभी कार्यकारी एजेंसियों को सड़क सुरक्षा मानकों के सख्त अनुपालन हेतु निर्देशित किया गया है. समस्त सड़कों के गड्ढों का सर्वे एवं उनकी मरम्मत/भराव का कार्य तत्काल प्रभाव से प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए. सेवालाइफ फाउंडेशन द्वारा जिले में चिन्हित 152 दुर्घटना संभावित स्थलों एवं नेशनल हाईवे पर स्थित ब्लैक स्पॉटस के सुधार हेतु संबंधित विभागों को तुरंत इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए. इसी प्रकार आगामी 2 माह में जिले के पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट पेट्रोल न देने के नियम को चरणबद्ध तरीके से लागू करने की कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई. बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि राजमार्गों पर बिना स्वीकृति अनधिकृत मीडियन कट बनाने वालों के विरुद्ध सीधे एफआईआर दर्ज की जाएगी. शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ ब्रेथ एनालाइजर से निरंतर चेकिंग, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग पर नकेल कसने तथा सड़कों के गड्ढों को तत्काल भरने के निर्देश दिए गए. कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक घातक सड़क दुर्घटना के गहन डेटा एनालिसिस के लिए डेथ रिव्यू कमेटी का गठन किया जाएगा, जो दुर्घटना के कारण, समय, स्थान, वाहन के प्रकार, हेलमेट/सीटबेल्ट के उपयोग आदि का विश्लेषण करेगी. बैठक में एसपी अनुराग सुजानिया, निगमायुक्त राजकुमार खत्री, सिटी मजिस्ट्रेट गगन बिसेन, आरटीओ मनोज तेनगुरिया, लोनिवि एसडीओ साहित्य तिवारी मौजूद थे.

# शिक्षा का मूल उद्देश्य अच्छा इंसान बनाना

नवभारत न्यूज

**सागर 24 जुलाई. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में गौर व्याख्यान माला के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रो. डीपी सिंह, पूर्व अध्यक्ष यूजीसी, पूर्व कुलपति बीएचयू रहे. अध्यक्षता कुलपति प्रो. वायएस ठाकुर ने की.**



संयोजक प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की. मुख्य वक्ता प्रो. सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल आत्मा यह कहती है कि हमें अपने विद्यार्थियों को भारतीय जड़ों से जुड़ते हुए वैश्विक नागरिक के रूप में स्थापित करना है. आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए हमें हजारों विद्यार्थियों को आत्मज्ञान और आध्यात्मिकता से परिपूर्ण नागरिक के रूप में समाज को देना है, तभी नया भारत पूरे विश्व का नेतृत्व कर सकेगा. उन्होंने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि अच्छे इंसान का निर्माण करना है. उन्होंने विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, संस्कृति, परंपरा, आस्था तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के विकास पर विशेष बल दिया.

उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाँच स्तंभों, वैश्विक नागरिक (ग्लोबल सिटीजन) की अवधारणा, कौशल विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रभावी नेतृत्व तथा 'लाइट बट टाइट शिक्षा मॉडल' का विस्तार से चर्चा की. कुलपति प्रो. ठाकुर ने विवि में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत किए गए विभिन्न नवाचारों एवं पहलों की जानकारी दी. आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ एवं शिक्षा शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनिल जैन ने दस आयामों के परिसंवाद कार्यक्रम के बारे में उल्लेख किया. कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ एसपी उपाध्याय उपस्थित रहे. संचालन डॉ. किरण आर्या ने किया.

# सुरक्षा पेंशन को लेकर ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**सागर 24 जुलाई. श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन नियमित रूप से दिए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा.**

ज्ञापन में कहा गया कि पिछले 4 महीनों से उन्हें पेंशन की राशि प्राप्त नहीं हुई है, जिससे उनके सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है. एक तरफ जहाँ राज्य सरकार द्वारा अन्य कल्याणकारी योजनाओं में दोगुनी राशि समय पर हस्तांतरित की जा रही है. बुजुर्गों को सहायता की आवश्यकता है, वे पिछले चार महीनों से मामूली सी पेंशन राशि के लिए तरस रहे हैं.

## चातुर्मास कलश स्थापना समारोह 26 जुलाई को

**सागर.** कटरा नमक मंडी स्थित गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर में विराजमान आचार्य श्री विभव सागर जी महाराज ससंघ के वर्षाकालीन चार्तुमास के उपलक्ष्य में कलश स्थापना समारोह 26 जुलाई रविवार को दोपहर में 1 बजे से रखा गया है. प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी जयकुमार निशांत टीकमगढ़ के निर्देशन में कार्यक्रम होगा. आचार्य संघ के वर्षाकालीन चार्तुमास के दौरान चार माह तक कटरा बाजार में धर्म की प्रभावना होगी.

# प्रशिक्षु अधिकारियों का दीक्षांत समारोह

नवभारत न्यूज

**सागर 24 जुलाई. जवाहरलाल नेहरू पुलिस अकादमी में जिला आबकारी अधिकारियों एवं आबकारी उप निरीक्षकों के द्वितीय बैच का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया.**



समारोह का आयोजन पुलिस अधीक्षक, जवाहरलाल नेहरू पुलिस अकादमी श्रीमती प्रतिमा पटेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ आकर्षक एवं अनुशासित मार्च-पास्ट से हुआ, प्रशिक्षु अधिकारियों ने उत्कृष्ट कदमताल, अनुशासन एवं प्रशिक्षण के दौरान अर्जित दक्षता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया. मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी लेकर प्रशिक्षुओं का अभिवादन स्वीकार किया. नवप्रशिक्षित अधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई. मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया. इस परनीरजा श्रीवास्तव रमेश चंद्र आर्य, श्रीमती कीर्ति दुबे, दुर्गेश राठौर एसपी लोकायुक्त सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे.

# एकता से ही धर्म प्रभावना संभव

नवभारत न्यूज

**सागर 24 जुलाई. भाग्योदय तीर्थ में आयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान में मुनिश्री प्रभात सागर महाराज एवं मुनिश्री चंद्र सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को वैयावृत्ति, त्याग, गुरु भक्ति और एकता का संदेश दिया.**

मुनिश्री प्रभात सागर महाराज ने कहा कि सभी मुनिराजों को रसोई में ही आहार कराना चाहिए तथा रसोई परिवर्तन से बचना चाहिए. उन्होंने कहा कि भोजन को बार-बार गर्म करना स्वास्थ्य की दृष्टि से उचित नहीं है, इसलिए ऐसी व्यवस्था हो कि भोजन ताजा और गर्म ही रहे, उन्होंने बताया कि मुनिराजों को आहार कराना वैयावृत्ति है और इससे तीर्थंकर भक्ति का भी पुण्य बंध होता है. उन्होंने कहा कि सिद्धचक्र महामंडल विधान के माध्यम से श्रद्धालुओं ने 64 ऋद्धियों की आराधना की है, त्याग का महत्व बताते हुए कहा कि त्याग करने वाले को ही वास्तविक प्राप्ति होती है. महापुरुष अधिक सुनते हैं और कम बोलते हैं, इसलिए गुरु और भगवान के प्रति सदैव श्रद्धा, प्रसन्नता और समर्पण का भाव रखना चाहिए.

## एक नजर में



### कारगिल विजय दिवस पर निबंध प्रतियोगिता

**सागर.** कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता के निर्देशन में किया गया. प्रतियोगिता में 14 विद्यार्थियों ने कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों के अद्वितीय पराक्रम और बलिदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए. संचालन डॉ. अभिलाषा जैन एवं डॉ. राखी गौर द्वारा किया गया. निर्णायकों के निर्णय के अनुसार भूपेंद्र प्रजापति ने उत्कृष्ट लेखन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया. गुलाब बाई अहिरवार ने द्वितीय एवं,देवेश पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया.



### केसरी शक्ति संगिनी की मासिक बैठक रखी गई

**सागर.** केसरी शक्ति संगिनी की प्रथम मासिक बैठक का आयोजन किया गया. महिला सभा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनीता केसरवानी, प्रदेश सभा की उपाध्यक्ष प्रीति केसरवानी, महिला सभा की सचिव रुक्मणी केसरवानी, कोषाध्यक्ष नीतू केसरवानी उपस्थित रहीं. इस अवसर पर सुनीता, सविता, राजकुमारी, ज्योति, सुनीता, पूजा, आरती, राधिका, सुमन, संजना, गीता, ज्योति, मीणा, प्रियंका, कामिनी, दीपा, वंदना, मनीषा, उपस्थित रही. आयोजन संध्या केसरवानी एवं अलका केसरवानी द्वारा किया गया.



### वी क्लब सागर गोल्ड की साधारण सभा संपन्न

**सागर.** वी क्लब सागर गोल्ड की साधारण सभा की बैठक सचिव वी रुक्मणी केसरवानी के निवास पर संपन्न हुई.अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष वी नंदिनी चौधरी ने की. डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट का शपथ ग्रहण समारोह 31 जुलाई को होने जा रहा है जिसमें वी विनीता केसरवानी को डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट बनाया जा रहा है. क्लब की सचिव रुक्मणी ने 2 जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा का दायित्व लिया बच्चों की 3 महीने की स्कूल की फीस6000/- दिए और घोषणा की कि वह इन बच्चों की पूरी 1 साल की फीस देंगी. संस्थापिका वी डॉ, वंदना गुप्ता ने कहा शिक्षा ही वह दान है जो कभी खत्म नहीं होता है. पास्ट प्रेसिडेंट वी डॉ, नम्रता फुसकेले, डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी विनीता केसरवानी, कोऑर्डिनेटर प्रीति केसरवानी, डिस्ट्रिक्ट सचिव कंचन केसरवानी, कोषाध्यक्ष चम्पा नायक, उपाध्यक्ष ज्योति दीक्षित, उपाध्यक्ष उषा केसरवानी सहित क्लब की सभी पदाधिकारी मातृशक्तियां उपस्थित रहीं.

# हत्या के प्रयास के आरोपी पकड़े

नवभारत न्यूज

**सागर 24 जुलाई. मोतीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हत्या के प्रयास के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीएमसी अस्पताल से सूचना प्राप्त होने पर मोतीनगर पुलिस ने घायल महिला सोना कुर्मी निवासी ग्राम सोमला के कथन दर्ज किए. पीड़िता ने बताया कि सुमन कुर्मी, सत्तू उर्फ सत्यनारायण कुर्मी एवं रामकुमार कुर्मी निवासी ग्राम सोमला ने गाली-गलौज करते हुए उसे पकड़ लिया तथा सुमन कुर्मी ने कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों के सामने आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए. पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना मोतीनगर में प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई. तीनों आरोपियों सुमन कुर्मी,सत्तू उर्फ सत्यनारायण कुर्मी एवं रामकुमार कुर्मी को गिरफ्तार किया.

पूछताछ में आरोपियों ने घटना करना स्वीकार किया, जिसके बाद उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया. न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपियों को जेल भेज दिया गया.

## बैंक द्वारा वृक्षारोपण

**सागर.** भारतीय स्टेट बैंक मकरोनिया शाखा द्वारा शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया में पौधारोपण किया गया एवं साइबर सुरक्षा विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई. शाखा प्रबंधक अजय तिवारी द्वारा बताया गया कि हर दिन साइबर फ्रॉड की खबरों से सभी परेशान है. महाविद्यालय मकरोनिया के स्टाफ एवं विद्यार्थियों के लिये डिजिटल फ्रॉड एवं साइबर सुरक्षा की जानकारी देने हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वर्तमान समय में, विभिन्न प्रकार के डिजिटल एवं साइबर फ्रॉड कैसे होते हैं और इनसे कैसे बचा जा सकता है.

# गुरु पूर्णिमा पर बालाजी मंदिर में महाअनुष्ठान

नवभारत न्यूज

**सागर 24 जुलाई. गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में बालाजी मंदिर में संत रावतपुरा सरकार महाराज के सानिध्य में माँ राजराजेश्वरी हरिद्रा कोटि कुमकुमार्चन लक्ष्मी प्राप्ति महाअनुष्ठान का आयोजन 29 जुलाई शाम 6 बजे से किया जा रहा है. जिसमें लगभग 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता संभावित है.**

संत श्री रावतपुरा सरकार ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कार्यक्रम की विस्तार पूर्वक जानकारी दी. उन्होंने बताया कि 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का दिन अत्यंत विशेष और शुभ माना जा रहा है. महाराज श्री के अनुसार इस दिन एक विशेष ग्रह योग का सहयोग बना रहा है जिसमें यह तिथि साधना जप तप एवं अर्चन के लिए अत्यंत फलदाई मानी जा रही है, इसी दिव्य अवसर पर मां ललिता त्रिपुर सुंदरी एवं मां राजराजेश्वरी के श्री चरणों में एक करोड़ हरिद्रा एवं कुमकुम अर्चन का महा अनुष्ठान संपन्न किया जावेगा. इस महान अनुष्ठान में लगभग 50000 श्रद्धालुओं एवं गुरु भाई बहनों के सम्मिलित होने की संभावना है.

देश के विभिन्न राज्यों से भक्त इस दिव्य आयोजन में भाग लेने के लिए पहुंच रहे हैं. इस अनुष्ठान में लगभग 50000 लोग एक साथ एक ही समय में एक ही स्थान पर मां का अर्चन पूजन करेंगे इस अनुष्ठान में भाग लेने के लिए ना के ना किसी रजिस्ट्रेशन और ना ही किसी प्रकार की का कोई भी शुल्क है यह पूर्णता निशुल्क है. इसमें लगभग 1100 विद्वान पंडितो द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विभिन्न दिव्य सामग्रियों द्वारा किया जावेगा. देश के विभिन्न राज्यों से जो भी जहां से उत्पादित होती है/ प्रसिद्ध है वहां से मंगवाई जाती है इसमें भक्त अपनी श्रद्धा अनुसार सहयोग एवं सेवाएं देते हैं.

# जल संरक्षण समय की आवश्यकता

नवभारत न्यूज

**सागर 24 जुलाई. मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला सागर द्वारा कमिश्नर सभा कक्ष में परिषद के उपाध्यक्ष एवं पद्मश्री से सम्मानित मोहन नागर के सम्मान समारोह तथा स्वैच्छिकता पर्व का आयोजन किया गया.**



इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड एवं सांस्कृतिक सलाहकार अतुल निझावन का स्वागत किया गया. कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड ने कहा कि श्री मोहन नागर को पद्मश्री सम्मान मिलना पूरे परिषद परिवार के लिए गौरव का विषय है. सांस्कृतिक सलाहकार अतुल निझावन ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बावड़ी उत्सव एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यों की सराहना की. जागो ग्राहक जागो अभियान के संदीप श्रीवास्तव ने सहजन के बीज वितरित कर पौधारोपण एवं बच्चों में संस्कार निर्माण का संदेश दिया. मुख्य अतिथि पद्मश्री श्री नागर ने कहा कि जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा बावड़ियों सहित पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण समय की आवश्यकता है. उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी से किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण का आह्वान किया. कार्यक्रम के उपरांत जिला पंचायत चौराहे पर सर डॉ. हरिसिंह गौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया.

कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक, नवांकुर एवं प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के विद्यार्थी, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा परिषद के परामर्शदाता उपस्थित रहे.

## भाग्योदय में चातुर्मास कलश स्थापना 9 को

**सागर.** निर्यापक श्रमण अभयसागर महाराज ससंघ के वर्षायोग चातुर्मास का कलश स्थापना समारोह रविवार 9 अगस्त को दोपहर 1 बजे से भाग्योदय तीर्थ में किया जाएगा. मुकेश जैन ढाना ने बताया कि निर्यापक मुनिसंघ के 7 मुनिराज 23 जुलाई से भाग्योदय तीर्थ में विराजमान हैं. संघ का वर्षायोग चातुर्मास 28 जुलाई से मुनि महाराज भक्तियां पढ़कर विधिवत प्रारंभ करेंगे जबकि कलश स्थापना समारोह 9 अगस्त को संपन्न होगा. पिछले कई वर्षों से भाग्योदय तीर्थ को आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के संघस्थ मुनिसंघ के वर्षायोग चातुर्मास का सौभाग्य प्राप्त होता रहा है. आगामी 4-5 वर्षों में सर्वोताभद्र मंदिर पूर्ण होने की संभावना है. ऊंचाई 216 फीट होगी तथा इसका निर्माण लगभग 11 लाख घनफुट लाल एवं पीले पत्थरों से किया जा रहा है.

# सिद्धचक्र महामंडल विधान



नवभारत न्यूज

**बंडा 24 जुलाई. आर्यिका रतन दुर्लभमति माताजी के सानिध्य में सिद्धचक्र महामंडल विधान विश्व शांति महायज्ञ में श्रीजी की पूजन, अभिषेक, शांतिधारा, आरती हुई.**

आर्यिका श्री ने कहा है कि सच्चा धर्म गुरुओं, साधु संतों की विनय वैयावृत्ति एवं अपने से बड़ों का सम्मान तथा माता-पिता की सेवा कैसे होती है. विश्व शांति की कामना कि भगवान से विधान किए जाते हैं. महापुरुषों ने सतियों ने धर्म ध्वजा फहराकर मोक्ष प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त कर लिया. अशोक पापेट ने बताया कि आर्यिका संघ का वर्षा योग का सौभाग्य मिला है. बाल ब्रह्म श्री नीलेश भैया कार्यक्रम का निर्देशन कर रहे. कार्यक्रम में विधायक वीरेंद्र सिंह लंबरदार, अशोक ठेकेदार, महेंद्र भूसा, संतोष चौधरी, विजय चौधरी, कमल बिलानी, डॉ पूर्णचंद्र, मुन्ना खटोरा, मुकेश कलारिया, राकेश डागीरहर, डॉ संजू, ब्रह्मचारी भैया-दीदी मौजूद थीं.

# रेलवे स्टेशन पर विशेष कोर्ट कैंप



नवभारत न्यूज

**बीना 24 जुलाई. रेलवे नियमों का उल्लंघन करने वालों पर दर्ज प्रकरणों में कार्रवाई करने रेलवे स्टेशन पर कोर्ट कैंप लगाया.**

रेलवे मजिस्ट्रेट अनुराग खरे एवं वरिष्ठ लोक अभियोजक एके सिंह भोपाल की मौजूदगी में आयोजित कोर्ट कैंप में रेलवे एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 160 आरोपियों पर 2.29 लाख का जुर्माना लगाया. सभी आरोपियों ने जुर्माना जमा कर दिया. रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे नियमों का पालन सुनिश्चित करने इस प्रकार के विशेष कोर्ट कैंप आगे भी आयोजित किए जाएंगे.

## शोकसभा आयोजित

**ललितपुर.** जिला प्राइवेट स्कूल संगठन के तत्वावधान में स्थानीय राष्ट्रगीत दुर्गादास राठौड़ जूनियर हाई स्कूल में संगठन के वरिष्ठ सदस्य एवं शिक्षा जगत से जुड़े राजेश साहू नेताजी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. संचालन प्रकाश चंद साहू एड. ने किया. उन्होंने कहा कि राजेश साहू नेताजी ने अपने अथक परिश्रम, समर्पण और संगठनात्मक क्षमता के बल पर जिला प्राइवेट स्कूल संगठन को नई पहचान दिलाई. इस अवसर पर दिनेश साहू एड., रामस्वरूप नामदेव, अनुरागी, अशोक सेन, अक्षय अलया, राजीव ताम्रकार, हर्ष वर्मा, संजू ग्वाला, सत्यम राठौर, शमी बेग मौजूद थे.

# कंपनी बाग से कलेक्ट्रेट तक निकला आक्रोश मार्च

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 24 जुलाई. नीट समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे कथित पेपर लीक मामलों और दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर दिल्ली में किए गए लाठीचार्ज के विरोध में छात्र-छात्राएं सड़कों पर उतरे.**




प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं, छात्र संगठनों एवं जागरूक नागरिकों ने कंपनी बाग से कलेक्ट्रेट तक पैदल आक्रोश मार्च निकालकर केन्द्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया, जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा. प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि अपनी मेहनत और वर्षों की तैयारी के बावजूद लगातार पेपर लीक की घटनाओं से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है. ज्ञापन में मांग की गई कि नीट सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में हुए कथित पेपर लीक की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए. प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लाखों छात्र वर्षों तक कठिन परिश्रम कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं. अभिभावक भी आर्थिक क्षमता से अधिक खर्च कर बच्चों की पढ़ाई कराते हैं, लेकिन बार-बार होने वाले पेपर लीक से उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है, ऐसे मामलों से न केवल छात्रों का मनोबल टूटता है, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े होते हैं.